भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **3876**
दिनांक 18 मार्च , 2021 / 27 फाल्गुन, 1942 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

हवाई पट्टियों का विस्तार

3876. श्री किशन कपूर:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पहाड़ी क्षेत्रों में हवाई पट्टियों के विस्तार की योजना का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उत्तर भारत के उन पर्यटन स्थलों की संख्या कितनी है जहां हवाई पट्टियों के विस्तार की योजना प्रस्तावित है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख) : नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने एवं हवाई यात्रा को जनता के लिए किफ़ायती बनाने हेतु दिनांक 21.10.2016 को क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना प्रारंभ की। जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड, भारत को पूर्वोत्तर क्षेत्र, अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह तथा लक्षद्वीप द्वीपसमूह को योजना दस्तावेज़ में प्राथमिकता क्षेत्रोंके रूप में शामिल किया गया है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने, आरसीएस-उड़ान को बढ़ावा देने हेतु राज्य सरकारों, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सिविल एन्क्लेवों के, मौजूदा असेवित/अल्पसेवित हवाईअड्डों / हवाईपट्टियों के पुनः उद्धार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। कोई हवाईअड्डा, जिसे आरसीएस-उड़ान योजना के तहत अवार्ड किए गए मार्गों में शामिल किया है और उस आरसीएस प्रचालन शुरू करने हेतु स्तरोन्नयन/विकास की आवश्यकता है, को "असेवित एवं अल्पसेवित हवाईअड्डों का जीर्णोद्धार" योजना के अंतर्गत विकसित किया जाता है। आरसीएस-उड़ान के तहत अवार्ड किए गए पर्यटन आरसीएस मार्गों का विवरण, अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। पर्यटन आरसीएस (टीआरसीएस) मार्गों में हवाई पट्टियों का विस्तार, हवाईअड्डा प्रचालकों {राज्यों/ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), आदि} द्वारा आवश्यकतानुसार किया जाता है।

*****

अनुलग्नक

(लोक सभा के दिनांक 18.03.2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3876 के उत्तर से संबंधित विवरण)

क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के तहत अवार्ड किए गए पर्यटन मार्गों की सूची

क्रम सं.	मार्ग
1.	आगरा से भोपाल
2.	भोपाल से आगरा
3.	आगरा से इंदौर
4.	इंदौर से आगरा
5.	बेंगलुरु से मैसूरु
6.	मैसूरु से बेंगलुरु
7.	डिब्रूगढ़ से दीमापुर
8.	दीमापुर से डिब्रूगढ़
9.	दीमापुर से इम्फाल
10.	इम्फाल से दीमापुर
11.	गया से कुशीनगर
12.	कुशीनगर से गया
13.	लखनऊ से सहारनपुर (सरसावा)
14.	सहारनपुर (सरसावा) से लखनऊ
15.	पोर्टब्लेयर से शिबपुर
16.	शिबपुर से पोर्टब्लेयर
17.	शिमला से कुल्लू
18.	अगरतला से आइजोल
19.	आइजोल से अगरतला
20.	अहमदाबाद से उदयपुर
21.	उदयपुर से अहमदाबाद
22.	अमृतसर से जयपुर
23.	जयपुर से अमृतसर
24.	अमृतसर से कोलकाता
25.	कोलकाता से अमृतसर
26.	अमृतसर से पटना
27.	पटना से अमृतसर

28.	औरंगाबाद से उदयपुर
29.	उदयपुर से औरंगाबाद
30.	भोपाल से उदयपुर
31.	उदयपुर से भोपाल
32.	भुवनेश्वर से वाराणसी
33.	वाराणसी से भुवनेश्वर
34.	बीकानेर से जैसलमेर
35.	जैसलमेर से बीकानेर
36.	कालीकट से दिल्ली
37.	दिल्ली से कालीकट
38.	दिल्ली से खजुराहो
39.	खजुराहो से दिल्ली
40.	डिब्रूगढ़ से इम्फाल
41.	इम्फाल से डिब्रूगढ़
42.	जोधपुर से उदयपुर
43.	उदयपुर से जोधपुर
44.	राजमुंदरी से विशाखापट्टनम
45.	विशाखापट्टनम से राजमुंदरी
46.	वाराणसी से पटना